सार-समाचार

सीकर लगातार दूसरे माह राज्य स्तरीय जिला रैंकिंग में प्रथम

सीकर (निसं)। शिक्षा विभाग की ओर से जारी अगस्त माह की राज्य स्तरीय जिला रैंकिंग में सीकर जिले ने लगातार दूसरे माह प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठ कार्यशैली का परिचय दिया है। सीकर ने 78 अंक प्राप्त कर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पूर्व जुलाई माह की रैंकिंग में भी सीकर जिला 45 अंकों के साथ प्रथम रहा था। इस उपलब्धि का श्रेय जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों, संस्था प्रधानों एवं शिक्षकों द्वारा किए गए सामूहिक प्रयास, नियमित मॉनिटरिंग तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को दिया जा रहा है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी किरण सैनी के निर्देशन में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक तथा जिले के सभी सीबीईओ द्वारा रैंकिंग के निर्धारित मानकों की नियमित समीक्षा की गई। विद्यालय स्तर पर योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ शाला दर्पण पोर्टल पर समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

पायलट के जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यालय में पौधारोपण

झुंझुनूं (निसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिवस के अवसर पर झुंझुनूं कांग्रेस कार्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस नेता अमित ओला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ पौधारोपण किया और पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अमित ओला ने कहा कि पौधारोपण प्रकृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस जैसे अवसरों को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर मनाने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के साथ उसकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है। बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरणीय हालात के बीच अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी पर्यावरण संरक्षण के अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाए गए पौधों की देखभाल करने तथा आसपास के लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करने की बात कही।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस 10 को

सीकर (निसं)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार 10 सितंबर को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है, लेकिन 9 सितंबर को निकाय चुनाव को देखते हुए 10 सितंबर को मनाया जाएगा। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि 10 सितंबर को चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉं वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी निःशुल्क करवा सके। गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। वहीं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी को चिन्हित कर उनके प्रसव का प्रबंधन किया जाएगा।

उदयपुरवाटी में 7.70 लाख की संदिग्ध नकदी जब्त

उदयपुरवाटी (निसं)। नगरीय निकाय चुनाव 2026 को लेकर पुलिस की सघन निगरानी के बीच उदयपुरवाटी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 लाख 70 हजार 400 रूपये की संदिग्ध नकदी जब्त की है। पुलिस ने राशि को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 7 सितंबर को उप निरीक्षक संतोष मय जाप्ता वाहन 112 से थाना उदयपुरवाटी से रवाना होकर भैरूघाट उदयपुरवाटी में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने इनोवा कार को रूकवाकर उसकी जांच की। वाहन की पीछे की डिग्गी में रखे एक बैग की तलाशी लेने पर उसमें 7,70,400 रूपये नकद मिले। इतनी बड़ी राशि के संबंध में पुलिस ने चालक से पूछताछ की, लेकिन चालक राशि के संबंध में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका। नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध रूप से नकदी का परिवहन किए जाने तथा राशि के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने पूरी रकम जब्त कर ली। जब्त राशि के स्त्रोत और उसके संबंध में अन्य तथ्यों की जांच जारी है। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा नाकाबंदी एवं वाहन चेकिंग के जरिए संदिग्ध नकदी और अन्य गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाई गई है।

दो साल से फरार 5 हज़ार रू. के इनामी चोर को हरियाणा से दबोचा

खेतड़ी (निसं)। पुलिस थाना मेहाड़ा की टीम ने चोरी के प्रकरण में करीब दो साल से फरार चल रहे पांच हजार रूपये के इनामी वांछित आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने सूचना तंत्र एवं तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपी का पीछा करते हुए उसे हरियाणा के ग्राम मोहनपुर की बणी से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार चोरी के प्रकरण में करीब दो साल से फरार आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम ने थाना क्षेत्र के अलावा हरियाणा, दिल्ली, गुरूग्राम, रेवाड़ी, पंजाब एवं गुजरात सहित संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश और तलाश की। आरोपी गिरफ्तारी के भय से अपनी पहचान छिपाकर लगातार लोकेशन बदल रहा था। इसके बावजूद पुलिस टीम ने सूचना तंत्र एवं तकनीकी माध्यमों की सहायता से आरोपी की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को आरोपी के हरियाणा क्षेत्र में होने की सूचना मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए 7 सितंबर को हरियाणा के ग्राम मोहनपुर की बणी से राजेन्द्र उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया।

27 नवंबर को ''अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस'' मनाया जाएगा

- बाल विवाह के खिलाफ भारत की मुहिम को वैश्विक मंच पर बड़ी जीत, संयुक्त राष्ट्र महासभा के फैसले से बाल विवाह मुक्त विश्व की मुहिम को नई ताकत मिली

धन्यवाद
हमारे सभी हितधारकों को
27 नवंबर को

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 27 नवंबर को ''अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस'' घोषित करने का फैसला लिया।

झुंझुनूं (निसं)। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ भारत में चल रहे अभियान को अब वैश्विक पहचान मिल गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 4 सितंबर 2026 को 27 नवंबर को ''अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस'' घोषित करने का अहम फैसला लिया। संयुक्त राष्ट्र का यह निर्णय बाल विवाह, कम उम्र एवं जबरन विवाह के उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चाचियावास-अजमेर के निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि भारत सरकार की ओर से 27 नवंबर 2024 को शुरू किए गए देशव्यापी ''बाल विवाह मुक्त भारत अभियान'' की वर्षगांठ के दिन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया जाना देश के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि यह फैसला बाल विवाह के खिलाफ चल रही मुहिम को वैश्विक स्तर पर और मजबूती प्रदान करेगा। कौशिक ने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन रिभु ने मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में बाल विवाह उन्मूलन के लिए समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किए जाने की पहल की थी। उनके नेतृत्व में चल रही मुहिम का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत सहित विश्व को बाल विवाह मुक्त बनाना है। संयुक्त राष्ट्र का यह निर्णय इस दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति ने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन देशव्यापी संगठन है और राजस्थान महिला कल्याण मंडल इसकी सदस्य संस्था के रूप में प्रदेश के अजमेर, बीकानेर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, चूरू एवं झुंझुनूं जिलों में बाल विवाह रोकथाम और जागरूकता के लिए लगातार काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि जेआरसी नेटवर्क के प्रयासों से देशभर में 5 लाख 50 हजार बाल विवाह रोकने में मदद मिली है। वहीं राजस्थान महिला कल्याण मंडल ने पिछले चार वर्षों में अपने कार्यक्षेत्र के छह जिलों में करीब 8 हजार संभावित बाल विवाह रोकने का कार्य किया है। संस्था की ओर से 10 लाख से अधिक लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलाई जा चुकी है। निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने भुवन रिभु को विशेष बधाई और धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रभावी नेतृत्व के जरिए भारत से उठी बाल विवाह विरोधी आवाज को संयुक्त राष्ट्र तक पहुंचाया गया।

संगीतमय सुंदरकांड पाठ में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा

चूरू (कासं)। जिला मुख्यालय पर सोमवार देर रात पिथीसरिया की हवेली में मंगलमयी वीर हनुमान सुंदरकांड समिति व हनुमान भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज बालाजी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। गणेश वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में पं. तेजपाल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। पाठ के दौरान श्रद्धालुओं में भक्ति और आस्था का भाव देखने को मिला। इस अवसर पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पंकज शर्मा, प्रवीण पूर्वा, धीरज पिथीसरिया, अंकित, शिवशंकर, सुरेंद्र, पुनित पिथीसरिया, गौतम, प्रदीप चौधरी, अनुज गोपाल, देवकी चौधरी, सुशील गोटेवाला, सुनील शर्मा, विनोद शर्मा, मुकुल शर्मा, संजय गौतम सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। सुनील पिथीसरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

चूरू चेरिटेबल ट्रस्ट की वार्षिक बैठक सम्पन्न

- मेधावी छात्राओं को 11 हजार और जिला टॉपर को 2100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर किया सम्मानित

चूरू (कासं)। चूरू बालिका महाविद्यालय चूरू व ब्राइट माइंड्स पब्लिक स्कूल के संचालक चूरू चेरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता व स्थानीय प्रबंध समिति की संयुक्त वार्षिक बैठक मंगलवार को ट्रस्टी भगवती प्रसाद बिहानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि कोलकाता ट्रस्ट के बनवारी लाल सोती थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महेश सोनी, निर्मला मोहता, श्रुति कटारूका, स्मृति मजेजी, अनिरुद्ध कटारूका व यशवर्धन मजेजी थे।

बैठक में महाविद्यालय व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विभिन्न शैक्षिणक गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इससे पूर्व प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल बहड़, उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, सचिव भागीरथ शर्मा, पवन बगड़िया, संयुक्त सचिव राजेश भावसिंहका, सदस्य श्याम सुन्दर शर्मा, राजेश मंडावेवाला, विमल सिंह राठौड़, मुन्नी देवी डागा, छत्तर सिंह डागा, रामस्वरूप शर्मा, शम्भूदयाल शर्मा, वाहिद अली खान, प्राचार्य आशा कोठारी व स्कूल प्रधानाचार्य राहुल शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस दौरान एमए में विश्वविद्यालय टॉपर व गोल्ड मेडलिस्ट रहने वाली महाविद्यालय की छात्रा भावना वर्मा, विजयलक्ष्मी सोनी व ममता को ट्रस्ट की ओर से 11-11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं 8वीं बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर रहे स्कूल छात्र अर्णव सिंह को 2100 रुपये व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट की ओर से मेधावी व जरूरतमंद छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की गई। प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली 95 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं की एक वर्ष की सम्पूर्ण फीस माफ की जाएगी, जबकि 90 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 1500 रुपये की मेरिट स्कॉलरशिप दी जाएगी। जरूरतमंद छात्राओं को प्रत्येक सेमेस्टर 1500 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी।

बैठक में संस्थानों के विकास कार्यों व शैक्षिणक प्रगति की समीक्षा की गई। ट्रस्टियों ने परीक्षा परिणाम और विद्यालय-महाविद्यालय की गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक से पूर्व ट्रस्टियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया तथा महाविद्यालय और ब्राइट माइंड्स स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की। प्रबंध समिति अध्यक्ष रामगोपाल बहड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रथम चरण के मतदान के लिए व्यापक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की तैयारियां पूरी

- जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए

हनुमानगढ़ (निसं)। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के तहत 9 सितंबर को जिले की 5 नगरपालिकाओं-नोहर, भादरा, रावतसर, संगरिया एवं टिब्बी में प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। मतदान के बाद सभी ईवीएम मशीनों को संबंधित उपखंड मुख्यालयों पर स्थापित स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। चुनाव व्यवस्था अंतर्गत कानून व्यवस्था की निगरानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद करेंगे।

वहीं भादरा-नोहर की जिम्मेदारी गीता चौधरी, टिब्बी-संगरिया की राजकंवर तथा रावतसर की सतपाल सिंह को सौंपी गई है। 176 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा का व्यापक बंदोबस्त प्रथम चरण में 176 मतदान केंद्रों (6 सहायक मतदान केंद्र सहित) तथा 112 मतदान केंद्र लोकेशन पर मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक पुलिसकर्मी एवं एक होमगार्ड की तैनाती की गई है। इस प्रकार मतदान केंद्रों पर कुल 352 पुलिस एवं होमगार्ड जवान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहेंगे। मतदान केंद्रों पर पुरुष एवं महिला मतदाताओं की अलग-अलग कतारें, मतदान परिसर में अनुशासन तथा मतदान समाप्ति के बाद मतदाताओं की व्यवस्थित निकासी सुनिश्चित की जाएगी।

मतदान दलों के साथ सुरक्षा बल मतदान उपरांत ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रूप से स्ट्रॉन्ग रूम तक पहुंचाएंगे। 42 संवेदनशील मतदान केंद्र, 25 मोबाइल पार्टियां और सीनियर अधिकारियों की निगरानी जिले में 42 संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा 25 पुलिस मोबाइल पार्टियों का गठन किया गया है, जो मतदान के दौरान लगातार क्षेत्र में गश्त कर किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करेंगी। प्रत्येक जोनल मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। कानून-व्यवस्था की निगरानी के लिए 3 सीनियर सुपरवाइजरी पुलिस अधिकारी, 15 पुलिस सुपरवाइजरी अधिकारी, प्रत्येक थाना स्तर पर रिजर्व पार्टियां, जिला स्तर पर एक रिजर्व पार्टी तथा 5 अंतरराज्यीय नाकाबंदी दल भी सक्रिय रहेंगे।

स्ट्रॉन्ग रूम सुरक्षा, यातायात एवं संचार व्यवस्था भी सुदृढ़ जिले के सभी 8 नगरीय निकायों के स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के लिए तृतीय बटालियन बीकानेर की सशस्त्र सुरक्षा टुकड़ी तैनात की गई है। मतदान दलों की रवानगी एवं सामग्री संग्रहण के दौरान यातायात व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। चुनाव अवधि में 25 मोबाइल पार्टियों, सुपरवाइजरी अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को वायरलेस संचार प्रणाली उपलब्ध कराई गई है।

कृष्ण जन्मोत्सव के साथ विहिप का 62वां स्थापना दिवस मनाया

रतनगढ़ (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड रतनगढ़ की ओर से भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर विहिप का 62वां स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम विभाग संगठन मंत्री कुलदीप जी भाई साहब एवं प्रान्त मातृ शक्ति संयोजिका सुजाता पारीक के सान्निध्य में आयोजित हुआ। शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। सुजाता पारीक ने विहिप की स्थापना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए हिन्दू समाज की एकता, समरसता और संस्कृति संरक्षण में मातृशक्ति की भूमिका पर जोर दिया। कुलदीप जी भाई साहब ने संगठन विस्तार, नई समितियों के गठन तथा युवाओं को संस्कारवान एवं आत्मरक्षा में सक्षम बनाने का आव्हान किया।कार्यक्रम में राजकुमार महर्षि, पीरूमल भोभरिया, जगदेव सांखोलिया, कैलाश आत्रेय, सांगानेर विभाग मंत्री अशोक शर्मा, जिला मंत्री अरविन्द मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

विजय जुलूस पर पूर्ण प्रतिबंध, जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किए

हनुमानगढ़ (निसं)। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. खुशाल यादव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (पूर्व में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा मतगणना एवं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण समापन तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत सदस्य पदों के लिए प्रथम चरण का मतदान 9 सितंबर, द्वितीय चरण का मतदान 11 सितंबर, मतगणना 14 सितंबर, अध्यक्ष पद का निर्वाचन 21 सितंबर तथा उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन 22 सितंबर 2026 को निर्धारित है। चुनाव परिणामों के बाद विजय जुलूस, शक्ति प्रदर्शन, भीड़ एकत्रित करना, वाहनों के काफिले निकालना, पटाखे या आतिशबाजी करना तथा उत्तेजक नारेबाजी जैसी गतिविधियों से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए इन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के तहत किसी भी निर्वाचित अभ्यर्थी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रत्याशी, समर्थक अथवा अन्य व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, बाजारों अथवा चौराहों पर विजय जुलूस निकालना, वाहनों का काफिला बनाना, पटाखे चलाना, आतिशबाजी करना अथवा सोशल मीडिया और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर ऐसा संदेश, वीडियो या पोस्ट प्रसारित करना, जिससे तनाव उत्पन्न हो या कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना हो, पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने जिला पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेटों को आदेश की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नगर निकाय चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक सीकर पहुंचे

सीकर (निसं)। नगर निकाय चुनाव 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संपादन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक गोपाल राम बिरड़ा सीकर पहुंच गए हैं। पर्यवेक्षक का ठहराव सर्किट हाउस, सीकर के कक्ष संख्या-2 में है। आमजन एवं संबंधित पक्ष चुनाव संबंधी किसी भी शिकायत, सूचना अथवा सुझाव के लिए पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ, कमरा नंबर 203, प्रशासनिक भवन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, कटराथल, सीकर में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ की ई-मेल आईडी पर ई-मेल के माध्यम से भी शिकायत, सूचना अथवा सुझाव भेजे जा सकते हैं। पर्यवेक्षक बिरड़ा द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता की पालना, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चुनावी कार्यों का सतत पर्यवेक्षण किया जा रहा है। पर्यवेक्षक बिरड़ा ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में संचालित पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रकोष्ठ प्रभारी को चुनावी गतिविधियों एवं प्रगति से संबंधित रिपोर्ट समय-समय पर निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ प्रभारी एवं कुलसचिव श्वेता यादव, उपनिदेशक प्रियंका, एलओ मनोज योगी तथा प्रो. संजीव कुमार उपस्थित रहे।

जिला वक्फ कमेटी ने तहसीलदार को शिकायत देकर निर्माण रूकवाने की मांग की

झुंझुनूं (निसं)। जिला वक्फ कमेटी ने दो अलग-अलग वक्फ संपत्तियों पर निर्माण कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार झुंझुनूं को शिकायत दी है। कमेटी ने मांग की है कि मौके पर तत्काल कार्रवाई कर निर्माण रूकवाया जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। जिला वक्फ कमेटी के जिला सदर इकबाल खां गांगियासर ने 7 सितंबर को तहसीलदार को दिए शिकायत पत्रों में दोनों मामलों को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत के मुताबिक एक मामला खसरा संख्या 2840 एवं 2841 से जुड़ा है, जबकि दूसरा मामला खसरा संख्या 2786, जो रिकॉर्ड में गैर-मुमकिन कब्रिस्तान के नाम दर्ज बताया गया है, से संबंधित है। पहले मामले में कमेटी ने बताया कि पुराना खसरा संख्या 565/2/1, वर्तमान खसरा संख्या 2840 एवं 2841, खाता संख्या 1445 तथा कुल रकबा 2.14 हेक्टेयर की भूमि को पुराने राजस्व रिकॉर्ड और वक्फ रजिस्टर में वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज बताया गया है। शिकायत में वक्फ प्राधिकरण जयपुर के प्रकरण संख्या 54/2012 में 15 दिसंबर 2015 को पारित निर्णय का भी हवाला दिया गया है। साथ ही कमेटी ने बताया कि प्रकरण संख्या 4/2016 वर्तमान में वक्फ प्राधिकरण के समक्ष विचाराधीन है। इसके बावजूद कमेटी का आरोप है कि वर्तमान खातेदारों की ओर से भूमि का लगातार बेचान किया जा रहा है और मौके पर निर्माण कार्य भी चल रहा है। कमेटी ने प्रशासन से सवाल उठाया है कि जब संपत्ति के संबंध में न्यायिक विवाद और वक्फ रिकॉर्ड का मामला मौजूद है, तो कथित निर्माण और भूमि के हस्तांतरण पर रोक क्यों नहीं लगाई जा रही? दूसरा मामला और भी संवेदनशील बताया गया है। कमेटी के अनुसार खसरा संख्या 2786 राजस्व रिकॉर्ड में गैर-मुमकिन कब्रिस्तान के नाम दर्ज है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इस भूमि पर बिना अनुमति निर्माण कराया जा रहा है तथा तलघर आदि का निर्माण कर वक्फ भूमि को खुर्द-बुर्द करने का प्रयास किया जा रहा है।

सरकारी स्कूल को वाटर कूलर व 50 विद्यार्थियों के लिए टेबल-कुर्सियां भेंट

पाटन (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नारदा के पूर्व छात्र एवं भामाशाह संदीप कुमार (पुत्र रामस्वरूप फागना) के आरएएस में चयन होने पर सामाजिक सरोकार के तहत विद्यालय को वाटर कूलर तथा 50 विद्यार्थियों के लिए टेबल-कुर्सियां भेंट की गईं। इस अवसर पर संदीप कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिक शिक्षा इसी विद्यालय में हुई है और स्कूल से उनकी बचपन की अनेक यादें जुड़ी हैं। मातृसंस्था के लिए सहयोग करना उनके लिए गर्व की बात है।उनके पिता रामस्वरूप फागना ने लोगों से विद्यालयों व अस्पतालों में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आव्हान किया। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार व स्टाफ ने संदीप कुमार का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

60वां अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया

- नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नवसाक्षरों, स्वयंसेवकों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले साक्षरता प्रभारियों का सम्मान किया

सीकर (निसं)। जिलास्तरीय 60वां अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह मंगलवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी किरण सैनी की अध्यक्षता में पीएम श्री राधाकृष्ण मारू स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। जिला साक्षरता अधिकारी डॉ.चन्द्र प्रकाश महर्षि ने कार्यक्रम में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित साक्षरता गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने के साथ-साथ उन्हें व्यावहारिक जीवन में उपयोगी शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, चुनावी साक्षरता एवं जीवन कौशल से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समारोह में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नवसाक्षरों, स्वयंसेवकों एवं साक्षरता से जुड़े कार्मिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों एवं स्वयंसेवकों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालयी छात्राओं द्वारा साक्षरता संबंधी रंगोली एवं पोस्टर बनाए गए, जिनके लिए छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्गा देवी ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना-लिखना सीखना नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में शिक्षा का उपयोग करने योग्य बनाना भी है।

दस्सूसर, जेगणिया बीदावतान व जेगणिया बीकान में विकास कार्यों का लोकार्पण

- सांसद राहुल कस्वां व विधायक पूसाराम गोदारा ने लोकार्पण किया; शिक्षा, पेयजल, बिजली व पशुपालन से जुड़े कार्यों से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी

राजलदेसर (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम दस्सूसर, जेगणिया बीदावतान एवं जेगणिया बीकान में मंगलवार को सांसद निधि, राज्यसभा सांसद निधि, विधायक निधि सहित विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी मदों से करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह चूरू सांसद राहुल कस्वां के मुख्य आतिथ्य एवं रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुए। कार्यक्रमों की अध्यक्षता सरपंच एवं प्रशासक देवीलाल मेघवाल ने की। इन विकास कार्यों के लोकार्पण से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, पेयजल, बिजली, पशुपालन एवं आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा विकास कार्यों के लिए आभार जताया।

ग्राम दस्सूसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांसद निधि से निर्मित एक कक्षा-कक्ष मय बरामदा का लोकार्पण किया गया। इसी विद्यालय में राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला की सांसद निधि से निर्मित कक्षा-कक्ष मय बरामदा तथा विधायक निधि से निर्मित कक्षा-कक्ष मय बरामदा का भी लोकार्पण हुआ। इसके अलावा डीएमएफटी योजना के तहत निर्मित दो कक्षा-कक्ष मय बरामदा भी विद्यालय को समर्पित किए गए। इन कक्षा-कक्षों के निर्माण से विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए अध्ययन हेतु अतिरिक्त स्थान उपलब्ध होगा। ग्राम जेगणिया बीदावतान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ग्राम पंचायत निधि से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत निधि से निर्मित पुस्तकालय भवन को भी ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया गया। इसके साथ ही ग्राम जेगणिया बीदावतान में पशुपालन विभाग की ओर से निर्मित पशु उपस्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत जेगणिया बीदावतान के परिसर में निर्मित ट्यूबवेल का भी लोकार्पण किया गया।

ग्राम जेगणिया बीकान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित ट्यूबवेल का लोकार्पण किया गया। वहीं ऊर्जा विभाग द्वारा निर्मित 33 केवी जीएसएस का भी उद्घाटन किया गया। इन सुविधाओं से क्षेत्र में पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा, पेयजल, बिजली, पशुपालन और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य किसी एक गांव या क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक ने ग्राम दस्सूसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक और कमरा निर्माण करवाने तथा जेगणिया बीदावतान में लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा भी की।

चूरू सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना और विकास कार्यों को धरातल पर उतारना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सांसद ने कहा कि सांसद निधि सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, पेयजल, बिजली एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

मण्डावा में अवैध शराब ले जाते दो आरोपी गिरफ्तार

मण्डावा (निसं)। अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ मण्डावा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से अंग्रेजी शराब के 46 पव्वे और बीयर की 12 बोतलें बरामद की हैं। शराब के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, 7 सितंबर को थानाधिकारी चन्द्रभान मय जाप्ता गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल को रूकवाकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक सवार असलम पुत्र घासी खां (42) निवासी वार्ड नंबर 22, कस्बा मण्डावा तथा गौरव पुत्र पवन (30) निवासी वार्ड नंबर 22, कस्बा मण्डावा के कब्जे से शराब बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बिना लाइसेंस/अनुमति शराब अपने कब्जे में रखने एवं उसका अवैध परिवहन करने के आरोप में अभियोग पंजीबद्ध कर दोनों को गिरफ्तार किया।

नोटिस सर्व साधारण
राकेश कुमार सांगवान एडवोकेट
पो0 सादुलपुर जिला चूरू
मो. नं.-9982672624, 9057589600

क्रमांक- दिनांक-07.09.2026

निमित :- सर्वसाधारण आम वो खास

मैं अपने मुवक्किल संजय कुमार पुत्र माडुराम निवासी करवा तारानगर तहसील तारानगर जिला चूरु की हिदायतानुसार सर्वसाधारण आम वो खास को निम्न कानुनी नोटिस से सुचित कर रहा हूँ कि :-

यह कि मेरे मुवक्किल संजय कुमार की पुत्री अनामिका उम्र करीब 21 साल दिनांक 10.07.2026 को वक्त सुबह करीब 10 बजे लाईब्रेरी में जाने की कहकर घर से गई थी जो शाम तक घर वापिस नही आई तो मेरे मुवक्किल व उसके परिवारवालो ने अनामिका की इधर उधर तालास की व कस्वा तारानगर व रिस्तेदारी में जाकर तालाश की लेकिन कही कोई सुराग नही मिला तथा दुसरे दिन दिनांक 11.07.2026 को मेरे मुवक्किल के वॉटसऐप पर मनीष पुत्र रामकिशन निवासी वार्ड नम्बर 04 तलवानी पोस्ट ईशरवाल तहसील सिवानी जिला भिवानी के साथ श्री राधे राधे वैल्फेयर ट्रस्ट टिब्बा दानाशेर मिलगेट रोड़ हिसार मे शादी का प्रमाण पत्र भेजा। मेरा मुवक्किल व उसके परिवारवालो ने अनामिका को समझाना व बात करना चाहा तो अनामिका बोली कि मै आप से बात नही करूंगी और मै आपको जानती भी नही हूँ तथा बोली की मैंने मनीष पुत्र रामकिशन निवासी तलवानी पोस्ट ईशरवाल तहसील सिवानी जिला भिवानी के साथ मेरी मर्जी से शादी कर ली है अब मै उनके साथ ही रहूंगी मेरे मुवक्किल की पुत्री अनामिका मेरे मुवक्किल के कहने सुनने मे नही है तथा मेरे मुवक्किल के समझाने पर भी अनामिका पर कोई असर नही हुआ और ना ही कहना माना इस कारण मेरा मुवक्किल अपनी पुत्री अनामिका से अपने समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुये अपनी पुत्री अनामिका को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करता है। आज के बाद से मेरे मुवक्किल का अपनी पुत्री अनामिका से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नही रहा है मेरे मुवक्किल की समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति मे अनामिका का किसी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नही रहा है।

अतः सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल की पुत्री अनामिका पुत्री संजय कुमार निवासी कस्बा तारानगर तहसील तारानगर जिला चूरु किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, अर्द्ध निकाय, या किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्था से [illegible]

राकेश कुमार सांगवान एडवोकेट
मो. नं.-9982672624, 9057589600